हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 20 मई 2025

**तापमान**
अधिकतम 45 .8 डिग्री
न्यूनतम 25 .3 डिग्री

11 प्रतियोगिता में शांतनु-तरुण का शानदार प्रदर्शन



12 सांस्कृतिक गतिविधियों से छात्रों ने मचाई धूम



# किसी को अभाव व प्रभाव से नहीं स्वभाव से अपना बनाओः पं.धीरेंद्र शास्त्री

**पानीपत।** अखिल भारतीय श्री राम नाम जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत द्वारा हुडा के सेक्टर 13-17 ग्राउंड में श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव के तहत बागेश्वर धाम के पीठाधिश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का प्रदेश के सहकारिता एवं जेल मंत्री डा.अरविंद शर्मा ने अपने परिवार के साथ गांव डाहर स्थित सतीश गौतम के निवास पर पहुंचे तथा बाबाजी का आशीर्वाद लिया। वहीं हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण, विधायक प्रमोद विज, जगमोहन आनंद, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने बाबा को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने गणमान्य लोगों को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

- हमारे अंदर कद, पद और मद की गर्मी न होकर प्रभु भक्ति की गर्मी होनी चाहिए



## पानीपत में श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

कथा महोत्सव में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज एवं अन्य संतों ने शामिल होकर श्री हनुमान जी की आरती उतारी। वहीं स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि पानीपत की धरा धार्मिक आयोजनों की धरा है। ऐसी धरा पर देश में सनातन धर्म एवं हिंदू राष्ट्र की आवाज बुलंद करने वाले बागेश्वर धाम के प.धीरेंद्र शास्त्री के आगमन से यह धरा और पवित्र हो गई है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि जब मंत्री बिजी होता है तो उनके पीए जनता की समस्याएं सुनने आते हैं। इसी प्रकार से जब भगवान बिजी होते हैं तो महात्माओं को लोगों की बात सुनने के लिए आना पड़ता है। हमारे अंदर कद, पद और मद की गर्मी न होकर प्रभु भक्ति की गर्मी होनी चाहिए। हरियाणा अपने आप में हरी आना भक्ति का सिद्धांत है। हमें किसी को अभाव व प्रभाव में अपना नहीं बनाना चाहिए बल्कि अपने स्वभाव से अपना बनाना चाहिए। अभाव व प्रभाव से बनाए गए मित्र लंबे नहीं चलते। स्वभाव से बनाए गए मित्र अंतिम समय तक चलते हैं। उन्होंने कहा कि सोने की चेन पहने तो चोर की नजर होती है, अगर हम तुलसी की माला पहनेंगे तो चितचोर की नजर पड़ेगी। इसलिए हमें तुलसी की माला पहन कर चित चोर की नजर में रहना चाहिए। ज्ञान प्राप्त करने से ही विज्ञान की जानकारी मिलती है। अगर ज्ञान ही नहीं होगा तो विज्ञान कहां से मिलेगा। इस अवसर पर आचार्य निर्मल शास्त्री, आयोजन समिति के जिला प्रधान सतीश गौतम, महासचिव सुरेश काबरा, सतीश गोयल, पार्षद नवल जिंदल, सुरेंद्र गर्ग, हरीश बंसल, भीम सचदेवा, रमेश माटा, हरिओम तायल, नरेश सिंगला आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पानीपत : हादसे में नेपाली की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा में घायल महेश कुमार सरदार, टकूवा, जिला मोरइंग, नेपाल की मौत हो गई। इधर, पोल्ट्री फार्म के मालिक विक्रम मसीह की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने महेश के शव का पोस्टमार्टम करवाया और दूसरी बाइक के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एंटी नारकोटिक्स सेल ने मादक तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने विक्रम उर्फ टोनी पुत्र लालचंद निवासी गांव बिचपड़ी, पानीपत को 1 किलो 50 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि विक्रम पर थाना तहसील कैंप में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### लुदाना के पास स्थित टोल प्लाजा को बंद

**जींद।** गोहाना रोड पर लुदाना के पास स्थित टोल प्लाजा को बंद किया गया है। इस हाईवे से वाहन चालक अब बिना टोल दिए ही गुजर सकेंगे। इस समय गोहाना रोड के समानांतर जींद-सोनीपत ग्रीनफील्ड हाईवे निकला है, जो दो तीन माह पहले ही शुरू हुआ है। ग्रीनफील्ड पर भी चाबरी-भिड़ताना के एरिया में टोल प्लाजा बनाया गया है। दोनों हाईवे एक ही अथॉरिटी का पार्ट हैं।

## सीएम ने किया ऋषिकुलम वेलनेस सेंटर का शुभारंभ

# योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा अपनाएंः सैनी

### सीएम बोले-यह केंद्र न केवल ग्राम विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समालखा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र परिसर में ऋषिकुलम् वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस केंद्र की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने दैनिक जीवन में योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाकर एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर की गई थी, आज वे साकार होते प्रतीत हो रहे हैं।

यह केंद्र न केवल ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि हमारी सनातन परंपराओं और संस्कारों को और प्रगाढ़ कर रहा है। उन्होंने इस अवसर पर संस्था को 51 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि आज देश को दो चीजों की आवश्यकता है, पहली हमारी सीमाएं सुरक्षित हों और दूसरा हमारा शरीर स्वस्थ हो। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित और जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से बचें और प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों, जिससे मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्किल सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, जहां लगभग 450 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण है और यह केंद्र उन्हें उस दिशा में मार्गदर्शन और साधन प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह संस्था को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने में अपना सक्रिय योगदान दें।



**समालखा।** मुख्यमंत्री नसीब सैनी, ऋषिकुलम् वेलनेस सेंटर का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए।

### निरोगी काया इंसान का पहला सुखः पवन

श्री माधव जन सेवा न्यास के अध्यक्ष पवन जिंदल ने कहा कि यह वैलनेस सेंटर उन लोगों के लिए नींव का पत्थर होगा जो तनाव मुक्त रहना चाहते हैं। आज के इस युग में नित्य नई-नई बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। इस वैलनेस सेंटर में नेचुरोपैथी से उन बीमारियों का इलाज किया जाएगा। इस नेचुरोपैथी केंद्र में दो आयुर्वेद डॉक्टर के साथ-साथ दो नेचुरोपैथी से जुड़े डॉक्टर और अनुभवी स्टाफ लगाया गया है। यह वैलनेस सेंटर सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, प्रांत संघ प्रताप सिंह, प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह, संस्कार भारती के संगठन मंत्री विजय भाटिया, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना आदि उपस्थित रहे।

## कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि



**नीलोखेड़ी।** नगरपालिक चेयरमैन सन्मीत कौर आहूजा ने गत दिवस शाम को आप्रेशन सिंदूर के तहत मारे गए शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मातृशक्ति को एकत्र कर कैंडल मार्च निकाला।कार्यक्रम की शुरुआत पंजाबी सभा के पंजाबी भवन से हुई।सन्मीत कौर ने कहा कि देश की रक्षा में शहीद हुए सैनिकों की कुर्बानी कभी भुलाई नहीं जा सकती देश की जनता सदैव उनके परिवारों के साथ सदैव खड़ी है।शहर की गलियों में घूमकर सबने हिन्दुस्तान जिन्दाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए तथा मार्च का समापन गोलमार्केट पार्क में हुआ।मौके पर चेयरमैन प्रतिनिध सतनाम सिंह आहूजा,मंडत उपाध्यक्ष केवल कृष्ण कुकरेजा और बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

### डॉमेस्टिक एयरपोर्ट पर सहायक प्रबंधक ने की ड्यूटी ज्वाइन

**अंबाला।** डॉमेस्टिक एयरपोर्ट के सुचारू संचालन को लेकर स्टाफ तैनात करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। सोमवार को सहायक प्रबंधक (आपरेशन) के पद पर मोहित आंनद ने ड्यूटी ज्वाइन की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय उडडयन मंत्री किंजूरापु राममोहन नायडू का धन्यवाद करते हुए कहा कि उम्मीद की जा रही है कि कि जल्द ही अन्य स्टाफ भी अपनी-अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने वाला है।

गौरतलब है कि अंबाला छावनी में परिवहन एवं श्रम मंत्री के अथह प्रयासों से डॉमेस्टिक एयरपोर्ट स्थापित किया गया है और जल्द ही यहां से उडानें शुरू की जाएगी। अंबाला छावनी से पहले देश के चार प्रमुख स्थानों जम्मू, आयोध्या, श्रीनगर और लखनऊ के लिए फ्लाइट शुरू होगी तथा इस एयरपोर्ट के बनने से आसपास के शहरों के अलावा अन्य राज्यों के लोगों को भी विमान सेवा का लाभ मिलेगा।

## कार की टक्कर लगने से बाइक चालक की मौत

- गांव संखेड़ा के पास हुआ हादसा

**यमुनानगर।** गांव संखेड़ा के पास कार की टक्कर लगने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव छौली निवासी मांगा राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वह खेत गांव संखेड़ा के पास हैं। वह शाम को सात बजे खेतों से बुग्गी झोटा पर पशुओं के लिए चारा लेकर आ रहा था। जब वह संखेड़ा के पास पहुंचा तो उनके गांव का ही 30 वर्षीय विकास अपनी बाइक पर संखेड़ा की तरफ से घर जा रहा था। तभी तेज गति से कार आई। आरोपी कार चालक ने लापरवाही से कार चलाकर विकास की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विकास अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी कार चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल विकास को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई।

## केंचुआ खाद का प्लांट लगाने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे 36 लाख रुपये

- पुलिस ने नौ पर किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

**यमुनानगर।** केंचुआ खाद का प्लांट लगाने पर नाम पर गांव मारवाखुर्द निवासी सियाराम से 36 लाख 10 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप फर्म एग्रो नेचर फार्मिंगस के हिस्सेदार जोगिंद्र राज, राकेश शर्मा, नितिन शर्मा, गौरव, गोविंद, सुमन, प्रदीप, आरती व संतोष पर लगा है। गांव मारवा खुर्द निवासी सियाराम ने हुडा सेक्टर-17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि जोगिंद्र सिंह ने एग्रो नेचर फार्मिंग के नाम से हुडा सेक्टर-17 में कार्यालय बनाया हुआ था। आरोपी जोगिंद्र सिंह फर्म में हिस्सेदार था। अन्य आरोपी कार्यालय के अंडर काम करते थे। एक दिन उसकी मुलाकात जोगिंद्र सिंह से हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह केंचुआ खाद बनाने का काम करते हैं। कंपनी द्वारा ही किसानों से केंचुआ खाद खरीदा जाएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे उसके खेतों में भी केंचुआ खाद बनाने का प्लांट लगाने की बात कही। इस प्रकार आरोपी ने उससे अलग-अलग करके केंचुआ खाद का प्लांट लगाने के नाम पर करीब 36 लाख 10 हजार रुपये हड़प लिए। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। बाद में पता चला कि आरोपियों ने वहां से कार्यालय बंद कर दिया है।

### नारायणगढ़ में पानी के 45 अवैध कनेक्शन काटे

- पेयजल के सदपयोग को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया

**नारायणगढ़।** जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल कुमार चौहान के निर्देशानुसार पेयजल के सदपयोग को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया है। जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता अंकुश सहगल ने कहा कि अमूमन देखा गया है कि गर्मी के मौसम में कुछ क्षेत्रों में पयेजल की किल्लत हो जाती है। इसलिए लोग पेयजल का सदपयोग करें और अवैध कनेक्शन न लगाए। इस बारे में विशेष तौर पर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव भूरेवाला में जागरूकता अभियान के तहत सरपंच, पंच तथा वीडबल्यूएससी सदस्यों के साथ गांव का दौरा किया और गांव में जितने भी अवैध कनेक्शन थे व खाली प्लाटों में जितने भी पानी के कनेक्शन है, उनको बंद करने को कहा गया और मौके पर लगभग 45 अवैध कनेक्शन को बंद करवाया गया। जो नल खुले थे उन पर टूंटी लगाई गई। विभाग की टीम द्वारा गांव का सर्वे किया गया और लोगों को पेयजल की गुणवत्ता के बारे में बताया गया। गांव में मुनादी भी करवाई गई है कि अगर इन अवैध कनेक्शनों को जोड़ा गया तो विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर विभाग के कनिष्ठ अभियंता कपिल सैनी, बीआरसी पूजा रानी व फीटर तथा अन्य स्टाफ सरपंच व पंच मौजूद रहे।

## पंजाब नेशनल बैंक में दीवार तोड़कर सेंधमारी

**तरावड़ी।** रविवार रात पंजाब नेशनल बैंक शाखा तरावड़ी में अज्ञात चोर ने दीवार तोडकर सेंधमारी करके बैंक के अंदर घुस गए और बैंक के अन्दर प्रिंटिंग मशीन को एटीएम समझकर उसका प्रिंटर निकलकर बाहर फेंक गए। बैंक अंदर के अन्य सामान के साथ भी छेडख़ानी की गई। कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। बैंक मैनेजर देवेंद्र बोदला ने बताया सुबह जब सफाई कर्मचारी सफाई के लिए बैंक शाखा के अंदर आया तो देखा बैंक की पिछली दीवार में एक खोला हुआ पड़ा है। और अन्दर की तरफ ईट गिरी हुई पड़ी है। सफाई कर्मचारी ने मुझे फोन करके बुलाया मैं फौरन ब्रांच में अन्य दो साथियों को साथ लेकर पहुंचा और पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर जांच की और बैंक के लगे कैमरे के फुटेज में को चेक किया और रात्रि 1:00 बजे के आसपास अज्ञात युवक दीवार तोडक़र अंदर आया । बैंक के अंदर एटीएम जैसी प्रिंटिंग मशीन के साथ छेडख़ानी करते हुए नजर आया और उसमें से प्रिंटिंग मशीन को कैश बॉक्स समझ कर बाहर ले गया। बाहर जाकर उसने देखा उसमे कुछ नही है तो उस मशीन को बाहर खुले मे छोडक़र भाग गया। उन्होंने बताया कि बड़ा नुकसान नहीं हुआ। पुलिस ने कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर तहकीकात कर रही।





पीएनबी की पिछली साईड चोरों द्वारा तोड़ी गई दिवार में खोल। मशीन से निकाला प्रिंटर, जिसे कैश बाक्स समझा।



**तरावड़ी।** बैंक मे पासबुक प्रिंटिंग मशीन जिसका प्रिंटर निकाला।

**तैयारी** सम्मेलन में लगभग 1500 शिक्षक शामिल होंगे, सभी शिक्षकों में उत्साह, तैयारियां जोरों पर

# समालखा में तीन दिवसीय प्रांतीय आचार्य सम्मेलन 25 मई से, सम्मेलन में जुटेंगे प्रदेशभर से शिक्षक

- संघ के क्षेत्र संघचालक पवन मित्तल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा द्वारा तीन दिवसीय प्रांतीय आचार्य सम्मेलन उद्दीप्त 25 से 27 मई तक श्रीमाधव जन सेवा न्यास पट्टी कल्याणा, समालखा, पानीपत में आयोजित किया जाएगा। श्रीमद भगवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए हिन्दू शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डा. ऋषिराज विशिष्ट, महामंत्री संपूर्ण सिंह, समिति के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के कोषाध्यक्ष अशोक रोशा और प्राचार्य अनिल मदान ने बताया कि आचार्य सम्मेलन मे विद्या भारती के प्रदेश भर से जुड़े शिक्षक पहुंचेंगे। उदघाटन 25 मई को होगा। उदघाटन अवसर पर मुख्यतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मौजूद रहेंगे व अध्यक्षता जगदगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज करेंगे। 26 मई को दिशाबोध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यतिथि के तौर पर रेलवेज के सेवानिवृत मुख्य अभियंता श्याम मित्तल मौजूद रहेंगे व अध्यक्षता ब्रह्मर्षि शिक्षण महाविद्यालय पिंजौर से स्व्वामी डा. अमृता दीदी मौजूद रहेंगी। 27 मई को समापन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक पवन मित्तल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और अध्यक्षता ऋषि चैतन्य आश्रम गन्नौर से आनंदमूर्ति गुरु मां करेंगी। डा. ऋषिराज विशिष्ट ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। सम्मेलन को लेकर सभी शिक्षकों में उत्साह है। सम्मेलन में लगभग 1500 शिक्षक शामिल होंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति सहित अनेक मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर कलसाना विद्यालय के प्रिंसिपल संजय मित्तल, नीरज शर्मा, राजकुमार राणा उपस्थित रहे। चेतराम शर्मा ने बताया कि विद्या भारती का मुंख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कार भी देना है, जिससे उनके अन्दर राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत हो और वह एक अच्छे इन्सान बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें सके। समिति के महामंत्री संपूर्ण सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में विद्या भारती के 70 विद्यालय तथा तीन महाविद्यालय इस समय चलाए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ 180 संस्कार केंद्र भी चल रहे हैं।



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते हिन्दू शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डा. ऋषिराज विशिष्ट व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

## दुष्कर्म में विफल रहने पर कर दी थी बच्ची की हत्या

### आरोपी शव को रिफाइनरी के पास दिल्ली पैरलल नहर में फेंककर फरार हो गया था।

- 25 हजार का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार, पुलिस ने कोर्ट से पांच दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में दस साल की बच्ची का अपहरण कर हत्या करके फरार चल रहे इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार का इनाम रखा गया था।

आरोपी की पहचान रामनगर निवासी संदीप के रूप में हुई है। सोमवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी संदीप मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के डूंगरपुर गांव का निवासी है और हाल में राम नगर में अपने पिता व भाई के साथ रहता था। वह ई-रिक्शा चलाता था। उसका पिता व भाई बच्ची के घर के नजदीक फॉस्ट फूड व सब्जी की रेहड़ी लगाते हैं। आरोपी ने यही से बच्ची का अपहरण किया था। काला अंब क्षेत्र में आरोपी ने बच्ची के साथ रेप की कोशिश की। बच्ची, चिल्लाने लगी तो उसने मुंह व नाक दबाकर बच्ची की हत्या कर दी। आरोपी ने अगले दिन सुबह शव को रिफाइनरी के पास दिल्ली पैरलल नहर में फेंक दिया और इसके बाद फरार हो गया था। इस मामले में थाना किला में केस दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### डेंगू व मलेरिया से बचाव के बारे मे दी जानकारी

**इंद्री।** नागरिक अस्पताल इंद्री के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतवीर सिंह ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए बताया कि विभिन्न प्रकार के मच्छर डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और जापानी दिमागी बुखार जैसी अनेक गंभीर बीमारियां फैलाते हैं। इनकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनेक ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होने बताया कि मच्छर जनित रोगों की रोकथाम सरल और सस्ती है। इसके लिए कुछ सामान्य सावधानियां बरतने और सावधानीपूर्वक इलाज करने की आवश्यकता है जैसे कि एडीज मच्छरों को पनपने से रोकना और उनके काटने से बचाव करना। उन्होंने कहा कि लोग घर में और उसके आसपास पानी एकत्रित न होने दें। गड्ढों को मिट्टी से भर दें। रुकी हुई नालियों को साफ कर दें।

### योग शिक्षिका निधि गुप्ता को दायित्व दिया

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत विशेष कार्यकारी मीटिंग में मिशन के मीडिया प्रभारी पद के लिए योग शिक्षिका निधि गुप्ता को दायित्व दिया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने बताया कि पिछले काफी वर्षों से मिशन के साथ कार्यरत निधि गुप्ता को इस पद के लिए चयनित किया गया। उनकी मेहनत कार्य क्षमता और अनुभव को देखते हुए पद सोपा गया। इस मीटिंग में मिशन के सभी शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने गर्म जोशी से शुभकामनाएं देते हुए उनका स्वागत किया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि किसी भी संघ में मीडिया प्रभारी की भूमिका सबसे अलग और महत्वपूर्ण रहती है जो मीडिया का सकारात्मक उपयोग कर संघ को मजबूत बनाने का कार्य कर सकते हैं। मीटिंग में महिला प्रमुख नीलम बटला और अन्य शिक्षक वीना सेठ, बरखा जिंदल, वीना धीर, वीना गोयल, नवीन जिंदल, एसपी शर्मा, राजीव शर्मा, शिवानी, राधिका, मंजू शर्मा, एनफ, ईशा मोंगिया, ईशा धवन, कुसुम,पूनम, कोमल, संगीता, मनोज कमरा,ज्ञान घई सुभाष आर्य मौजूद रहे।

## सोहाना में चल रहा धरना छठे दिन में कर गया प्रवेश

# आंदोलनकारी ग्रामीणों के हौसले बुलंद

- कल धरने पर बैठेगें इन्द्री क्षेत्र के भाकियू कार्यकर्ता
- जब तक रिंग रोड पर रास्ता नही बनाया जाता जारी रहेगा आंदोलन : महताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बैनर तले गांव सोहाना में चल रहा धरना छठे दिन में प्रवेश कर गया है। सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार करनाल ब्लॉक के ग्रामीणों ने धरने में शामिल होकर नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज को बुलंद्व किया। मंगलवार को भाकियू विकास खंड इन्द्री इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरने पर पहुंच कर आंदोलन को समर्थन देगें।

धरने की अध्यक्षता गांव शेखपुरा जांगीर के बुजुर्ग सलामुद्दीन ने की। उत्तरी हरियाणा के भाकियू के प्रभारी महताब कादियान, प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान व प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, युवा किसान नेता सुरज लाठर ने धरने को संबोधित किया।

गांव सोहाना के रकबे में निर्माणाधीन करनाल रिंग रोड़ पर रास्ता बनाए जाने की मांग को लेकर लगातार धरने पर भाकियू कार्यकर्ता दिनरात डटे हुए है। किसान नेता महताब कादियान ने कहा कि जब तक करनाल रिंग रोड पर रास्ता नही बनाया जाता आंदोलन जारी रहेगा। किसी भी सूरत में यहां से धरना नही हटाया जाएगा। धरने पर आंदोलनकारी ग्रामीण समय व्यतीत करने के लिए पूरा दिन तास की बाजी लगाने के लिए मशगूल रहते है।



**करनाल।** धरने पर ताश खेल की बाजी लगाते हुए आंदोलित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### धरने पर पहुंचे एसडीएम अनुभव मेहता

सोहाना के रकबे में निर्माणाधीन करनाल रिंग रोड पर रास्ता बनाए जाने की मांग को लेकर लगातार छह दिनों से चल रहे धरने पर सोमवार को करनाल एसडीएम अनुभव मेहता पहुंचे। उनके साथ संबंधित निर्माण कंपनी के कर्मचारी भी थे। एसडीएम अनुभव मेहता ने मौका मुआवना भी किया। धरने पर बैठ कर आंदोलित ग्रामीणों से बातचीत भी की। फिलहाल बातचीत सिरे नही चढ़ पाई है। एसडीएम ने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट देने की बात कही है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाकियू कार्यालय सचिव राजकुमार नौतना, किसान नेता देवेंद्र सागवान, बबलू बदरान, महाबीर सिंह फूंसगढ़, जयपाल शर्मा, भरतरी मान, चांदबीर, दविंद्र बदरान, बाबूराम शर्मा, जोगिंद्र सागवान, करतार सिंह, मोती लाल ढ़ाकवाला, किरणपाल शर्मा, साहब सिंह सोहाना, कविंद्र, वेदपाल, हुकम सिंह, राम किसान, श्रीचंद कश्यप, भीम सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## अगले माह से अफसरों के खिलाफ हुडा कर्मचारी करेंगे प्रदेश व्यापी आंदोलन

**करनाल।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की राज्य कमेटी व जिला कमेटी सोनीपत की कार्यकारिणी सभा कार्यालय मे आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंच के प्रदेश महासचिव,आर के.नागर ने की, और सभा संचालन विजेंद्र कुमार शर्माकार्यालय सचिव और महावीर नागर राज्य कोषाध्यक्ष ने किया। तीनो नेताओं ने बताया कि सभा में काफी लंबीत मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। हरियाणा सरकार तथा एचएसवीपी के अधिकारियों से वार्ता तथा पत्र व्यवहार के बारे में डिटेल वार्ता की गई। सभा में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए प्रदेश के महासचिवा-आर.के. नागर ने बताया कि, तुरंत प्रभाव से अप्रैल महीने का वेतन नहीं दिया गया और कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों की आगामी 01 वर्ष की अप्रूवल तुरंत प्रभाव से नहीं दी, जो की 30 जून तक है, तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम में सेवारत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा की ज्वाइनिंग तुरंत नहीं करवाई गई तो हरियाणा सरकार और एचएसवीपी के अधिकारियों को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है कि, जून महीने की शुरुआत में धरने प्रदर्शन शुरू किए जाएंगे और एक सप्ताह बाद एचएसवीपी के सभी सेक्टरों की वाटर सप्लाई और सीवर व्यवस्था ठप करके काम छोड हड़ताल की जाएगी। जिसके लिए एचएसवीपी के अधिकारी और कौशल रोजगार निगम के अधिकारी तथा हरियाणा सरकार स्वयं जिम्मेवार होंगे। आज की सभा में सर्वश्री ध्रुव कुमार, समेश कुमार, समे सिंह, सुरेंद्र रंगा , राजेंद्र राठी, सुनील चौहान, कुलदीप सिंह, विनोद कुमार, योग प्रकाश नागर, महेंद्र शर्मा, जोगेंद्र सिंह, राहुल, राकेश, ओमप्रकाश, अरुण, पुष्पेंद्र शर्मा, अश्वनी शर्मा, जगबीर, जीवन लाल, विजेंद्र शर्मा, योगेश शर्मा, सुरेश रोहिल्ला, टीनू मदान, महावीर नागर, आदि ने भाग लिया।

## गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सतविंदर ने परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल तरावड़ी की छात्रा सतविंदर कौर सुपुत्री बलजीत सिंह ने 95 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहाया।

सतविंदर ने विषय अंग्रेजी में 100 में से 100 नंबर और गुरलीन ने गणित में 100 में से 100 नंबर लेकर अपना परचम लहराया। गुरलीन कौर सुपुत्री हरमिंदर सिंह ने 93 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और मनप्रीत सुपुत्री श्री सुखविंदर सिंह ने 91 प्रतिशत, हर्ष सुपुत्र राजेंद्र 91 प्रतिशत, युवराज सुपुत्र राजेश कुमार, 91 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुखप्रीत सुपुत्री सुखविंदर सिंह ने 90 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। अंजलि 89 प्रतिशत, भावना 89 प्रतिशत, आशिता 89 प्रतिशत, प्रभजोत 89त्न रौनक 89 प्रतिशत, विशाल 89 प्रतिशत, स्वाति 88 प्रतिशत, विक्रांत 87 प्रतिशत, डिंपल 87 प्रतिशतसार्थक मिश्रा 85 प्रतिशत, युक्ति 85 प्रतिशत, नेहा 84 प्रतिशत, तनिष्का 83 प्रतिशत, अभिषेक 82 प्रतिशत, प्रिंस 81 प्रतिशत, अरमान ने 78 प्रतिशत, डिंपल और सागर 75 त्न अंक लेकर मेरिट में स्थान प्राप्त किया और विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्या रागिनी राय ने सभी टॉपर और मेरिट में आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा बच्चों एवं अभिभावकों का मुंह मीठा कराया उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निर्देशक सुरेश चंद, डिंपल त्रिपाठी, कर्मजीत कौर, राजवीर, पायल, निशा किरण गुप्ता एवं संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।



**तरावड़ी।** टॉपर और मेरिट में आने वाले गीता मॉडर्न सेकेंडरी स्कूल के बच्चें।

# भारत के वीर जवानों ने पाकिस्तान को केवल तीन दिन में सिखाया सबकः भगवानदास

- तरावड़ी के किसान भवन से निकाली गई तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी के किसान भवन से सोमवार को तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि नीलोखेड़ी विधानसभा के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने शिरकत की। इसके अलावा तरावड़ी भाजपा मंडल के प्रधान शिवम बंसल, मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, अग्रवाल सभा प्रधान रमेश गुप्ता, राईस मिल्ज़ प्रधान नरेश बंसल, व्यापार प्रकोष्ठ के शीशपाल गुप्ता, राजबीर, नीटू सिंगला, शिवशंकर सेवा मंडल प्रधान दुरगेश मित्तल, भाजपा नेता देवेन्द्र कामरा, नगरपालिका प्रधान वीरेन्द्र बंसल, पार्षद नरेश गाबा, पार्षद ओमप्रकाश गाबा, पार्षद प्रतिनिधि लखविन्द ढिल्लो, जय मां सेवा मंडल व भाविपा प्रधान रामपाल लाठर, भाजपा नेता राकेश गर्ग, पूर्व प्रधान प्रवीण गुप्ता, रंजीत भारद्वाज, अनिल सिंगला, पवन कुमार, रिंकू खुराना, आत्म प्रकाश, रामकुमार गुप्ता, संजय सैन, साहित शहर की समाजिक व धार्मिक सस्थाओं के प्रतिनिधि यात्रा में शामिल हुए।

भारत माता के जयकारों के बीच तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा तरावड़ी मंडी के किसान भवन से शुरू हुई और अनाज मंडी, सौंकड़ा रोड़, करनाली गेट, मेन बाजार, रेलवे रोड, पालिका रोड से होते हुए शहीद भगत सिंह चौंक पर भगत सिंह जी की प्रतिमा पर फूलमाला पहनाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान भारत माता के जयकारों के बीच तिरंगा हाथ में लेकर बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए। विधायक भगवान दास क़बीरपंथी ने कहा कि भारत की पाकिस्तान पर युद्ध में जीत के मौके पर सेना और जनता का मनोबल बढ़ाने के लिए तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली जा रही है। भारत ने अनेकों आतंकवादियों के ठिकाने पाकिस्तान में तबाह किए, आतंकी मारे गए और कई हवाई अड्डे नष्ट किए गए। इस दौरान भाजपा देवेन्द्र कामरा, राकेश गर्ग, शिवम बंसल व भाजपा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



**तरावड़ी।** तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते विधायक भगवान दास कबीरपंथी व कार्यकर्ता।



**तरावड़ी।** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे बच्चों को सम्मानित करते हुए भगवान दास कबीरपंथी। फोटो : हरिभूमि

## अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को विधायक ने किया सम्मानित

**तरावड़ी।** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तरावड़ी अच्छे अंक प्राप्त करने वालें बच्चों को सम्मानित करने के लिये समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे हल्का विधायक भगवान दास कबीरपंथी मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ नपा अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, गणेश खन्ना सहित शहर गणमान्य लोग पहुंचें। इस मौके पर विधायक भगवान दास कबीरपंथी 10वीं व 12वीं की प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त व अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को फूलमाला पहना व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। 10 वीं कक्षा मे प्रथम स्थान हिमांशी, द्वितीय स्थान सिमरन, तृतीय स्थान पर रही कृष्णा गोयल को सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय मेडिकल में प्रथम स्थान कल्पना, द्वितीय स्थान सानिया, तृतीय स्थान तन्वी, कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय नॉन मेडिकल में प्रथम स्थान शुभांगी शर्मा, द्वितीय स्थान तनीशा, तृतीय स्थान हर्षिता, कक्षा 12वीं में वाणिज्य विभाग प्रथम स्थान निर्भय मिड्ढा, द्वितीय स्थान केशव गोयल, तृतीय स्थान हरजोत कौर, कक्षा 12वीं कला संकाय में प्रथम स्थान गुलशन सिंह और इसके अलावा अन्य बच्चों को विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने फूल माला पहनकर स्मृति चिन्ह देकर उनको बधाई दी।

## विधायक ने जयंती समारोह को लेकर दिया आमंत्रण

**घरौंडा।** असन्ध विधायक योगेन्द्र राणा आज सोमवार को घरौंडा में पहुंचे और आगामी राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह को लेकर जनता को आमंत्रित किया। यह भव्य कार्यक्रम 29 मई दिन वीरवार को गाँव सलवान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधायक योगेंदर राणा ने बताया कि यह समारोह वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन समर्पित करने वाले महाराणा प्रताप जी की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ना है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। विधायक राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे देश के सच्चे राष्ट्रनायक थे। उनका साहस, त्याग और मातृभूमि के लिए समर्पण आज भी प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर आइए, हम सभी मिलकर उनकी जयंती को ऐतिहासिक और प्रेरणादायी बनाएं। इस समारोह में प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण, अधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठन आदि उपस्थित रहेंगे।

## मुख्यमंत्री ने 3 महीने में 1450 नलकूप कनेक्शन देने की घोषणा कर किसानों को दी सौगातः आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आए दिन प्रदेश की जनता को कोई न कोई सौगात देते रहते हैं। पिछले दिनों महेंद्रगढ़ में आयोजित एक जनसभा में उन्होंने ऐलान किया है कि किसानों को 1450 नलकूप कनेक्शन आगामी 3 महीने के अंदर दिए जाएंगे। यह फैसला किसानों के हित में है, जो स्वागत योग्य है।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए पैसे जमा करवा रखे हैं, ऐसे 1450 नलकूप कनेक्शनों को अगले 3 महीने में जारी किया जाएगा। इसके अलावा, 2023 तक जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, वे भी जल्द पैसे जमा करवा दें, उनके कनेक्शन भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे।



### सीएम किसानों का रखते हैं विशेष ध्यान

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के किसानों का विशेष ध्यान रखते हैं। इस फसल खरीद सीजन में उन्होंने स्वयं मंडियों में जाकर खरीद की मॉनिटरिंग की। जहां-जहां कमियां नजर आई तत्काल अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके साथ-साथ प्रत्येक मंत्री व विधायक की भी ड्यूटी लगाई गई कि वह अपनी-अपनी मंडियों का निरंतर दौरा करें और किसान भाईयों को किसी तरह की परेशानी न आए।

## चुनावों के लेखा निपटान हेतु बैठक का आयोजन

**करनाल।** करनाल पंचायत राज संस्थाओं, नगर पालिकाओं और नगर निगम चुनावों के लेखा निपटान के लिए बैठक का आयोजन स्थानीय कर्ण लेक के सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री धनपत सिंह ने की। बैठक में धनपत सिंह ने करनाल पंचायत राज संस्थाओं, नगर पालिकाओं और नगर निगम चुनावों से जुड़े वित्तीय मामलों की विस्तार से समीक्षा की और उनके त्वरित एवं सुचारू निपटान के निर्देश दिए। उन्होंने चुनावों के दौरान हुए व्यय, प्राप्तियों और अन्य वित्तीय पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को सभी लंबित लेखाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त हरियाणा श्री धनपत सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कहा कि लेखा निपटान की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और यह भी सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं को बिना किसी देरी के पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनावों में प्रयोग की गई सामग्रियों जैसे कच्ची बैरिकेडिंग, टैंट, बसों, पेट्रोल आदि पर किए गए व्यय के बिलों का त्वरित निपटान सुनिश्चित किया जाए।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सभी जिलों में उत्सव के रूप में मनाया जाएः सुधीर राजपाल

- 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरों पर : डीसी

**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य ढंग से मनाने के लिए प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी कार्यों को लेकर तैयारियों में जुट गए हैं। जिला मुख्यालय व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में शिक्षण संस्थानों के बच्चों, खिलाड़ियों, महिलाओं तथा पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। डीसी ने चंडीगढ़ से आयोजित वीसी में आयुष विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रबंध को लेकर समीक्षा के दौरान जानकारी दी। वीसी में सुधीर राजपाल ने सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य ढंग से एक उत्सव के रूप में मनाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागेदारी सुनिश्चित की जाए विशेषकर युवाओं और महिलाओं को जोड़ा जाए ताकि योग दिवस एक जन आंदोलन का रूप ले सके और हरियाणा प्रदेश में आयोजित होने वाले योग दिवस के कार्यक्रमों की गूंज भारत देश में ही नहीं दुनिया के कोने-कोने में जाए। योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर मुख्यालय द्वारा जल्द ही जिलों को बजट अलॉट कर दिया जाएगा।

**बैठक** जलभराव बिन्दुओं पर पम्पिंग मशीने करें स्थापितः डॉ. वैशाली

# मानसून में जलभराव से निपटने के लिए बाढ़ नियंत्रण दल का करें गठन

15 जून तक मुकम्मल तैयारी करने के दिए निर्देश

- बाढ़ नियंत्रण कार्यों को लेकर निगमायुक्त ने सिंचाई, एचएसवीपी, जन स्वास्थ्य तथा नगर निगम के अभियंताओं के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मानसून में शहर वासियों को परेशानी न हो, इसे लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बाढ़ नियंत्रण कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि वह आगामी 15 जून से पहले-पहले सभी बरसाती नाले, ड्रेन व पुलिया की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। नगर निगम, सिंचाई, हरियाणा शहरी विकास प्राधिरण तथा जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अभियंता बैठक में शामिल हुए।

निगमायुक्त ने सिंचाई विभाग के एसडीओ को निर्देश दिए कि हेरिटेज लॉन पुलिया से आवर्धन नहर तक ड्रेन नम्बर-1 की सफाई तेजी से करवाई जाए। अंसल टाऊन में ड्रेन नम्बर-1 की पुलिया को चौड़ा भी किया जाए, ताकि पानी निकासी में कोई रूकावट न आए। उन्होंने कहा कि आवर्धन नहर से इन्द्री एस्केप तथा यमुना नदी तक ड्रेन नम्बर-1 की सफाई करवाई जाए। उन्होंने सिंचाई मैकेनिकल डिवीजन के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि शहर में बाढ़ राहत कार्य के लिए नगर निगम को चालू हालत में 5 डिवाटरिंग पंप उपलब्ध करवाए जाएं। उन्होंने उपमंडल इन्द्री जल सेवाएं के एसडीओ को निर्देश दिए कि हेरिटेज लॉन के समीप निर्माणाधीन पुलिया का कार्य जल्द पूरा करवाया जाए।

उन्होंने अधीक्षण अभियंता, एचएसवीपी को एन.एच.-44 से मेला राम स्कूल तक आर.सी.सी. बॉक्स ड्रेन की सफाई करवाने को कहा। इस पर अधीक्षण अभियंता ने कहा कि पिछले वर्ष ही इसकी सफाई करवाई गई थी। इसमें गंदगी या कीचड़ का जमाव न होने के कारण इसकी सफाई की आवश्यकता नहीं हैं, हालांकि मेला राम स्कूल पुलिया की तरफ इस ड्रेन के कुछ हिस्से में गंदगी है, जिसे साफ करवा दिया जाएगा। निगमायुक्त ने एस.ई. को निर्देश दिए कि सेक्टर-14 स्थित राजकीय महाविद्यालय से क्लॉक टावर चौक तथा इसी चौक से अम्बेडक़र चौक तक मौजूद नालों की अच्छे से सफाई करवाई जाए, ताकि ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते नालो में गया कीचड़ या मिट्टी निकल सके। एस.ई. ने निगमायुक्त को अवगत कराया कि वह मेरठ रोड चौक से मुगल कैनाल तक मुख्य ट्रंक सीवर लाईन की सफाई करवाने जा रहे हैं।



## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की चाची गुरुबचनी देवी पंच तत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

- पैतृक गांव कुटेल स्थित शिवपुरी में किया गुरुबचनी देवी का दाह संस्कार

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के चाचा स्वर्गीय रणजीत सिंह कल्याण की धर्मपत्नी, 95 वर्षीय गुरुबचनी देवी का रविवार रात निधन हो गया। उनका दाह संस्कार उनके पैतृक गांव कुटेल स्थित शिवपुरी में किया गया। उनके बड़े बेटे जोगिंदर कल्याण ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दुखद मौके पर उनके पांचों बेटे उपस्थित रहे। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सांत्वना जताई।

बता दें कि गुरुबचनी देवी एक धार्मिक और शालीन महिला थीं, जिन्होंने अपना जीवन आध्यात्मिक मूल्यों और पारिवारिक सद्भाव के लिए समर्पित किया। उन्हें अपने भतीजे विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण व परिजनों से गहरा लगाव था।



### कैबिनेट मंत्री व विधायकों ने जताई सांत्वना

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण की चाची स्वर्गीय गुरुबचनी देवी के निधन के बाद हरियाणा के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, असंध विधायक योगेंद्र राणा व पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता व अन्य गणमान्य लोगों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## क्रिकेट टीम का चयन 23 को

**पानीपत।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला पानीपत अंडर 16 का चयन शुक्रवार 23 मई को सुबह सात बजे विजन क्रिकेट ग्राउंड, नजदीक भैंसवाल मोड, बरसत रोड, पानीपत में किया जाएगा। वहीं, जो भी खिलाड़ी ट्रॉयल देने के लिए आएगा, वह अपने साथ अपने जन्म प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति लेकर आये। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जितेन्द्र सिंह ने दी।

## कट्टे व कारतूस के साथ पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने प्रवेश उर्फ काला पुत्र राजू निवासी नारा हाल नजदीक देशवाल चौक मतलौडा को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपी पर थाना मतलौडा में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया। ताकि असला सप्लायर को भी गिरफ्तार किया जा सके।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**इसराना।** इसराना की बांध रोड पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से धनराज पुत्र मुरली मूल निवासी बिहार हाल निवासी गांव मांडी स्थित नवीन भट्ठा कंपनी की मौत हो गई। वहीं इसराना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद धनराज का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिल्ली पेरलल नहर में किशोर लापता

**पानीपत।** पानीपत में दिल्ली पेरलल नहर में नहाने गया 12 वर्षीय शादिक पुत्र शाहबुद्दीन मूल निवासी गांव लोधना, उत्तर दिनाजपुर, पश्चिमी बंगाल, हाल निवासी पसीना रोड, गांव सिवाह, पानीपत संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। नहर के किनारे उसकी चप्पलें और कपड़े पड़े मिले। इससे परिजनों को आशंका हुई कि नहर में नहाते समय वह डूब गया होगा। पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज शादिक की तलाश शुरू कर दी है।

## मोहित स्कूल का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला की मोती राम कालोनी स्थित मोहित पब्लिक स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 10वीं कक्षा के कुल 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 10 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में अपनी जगह बनाई और 30 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। भव्या ने 459 अंक लेकर प्रथम स्थान, रानी ने 416 अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रही।

## टैगोर स्कूल का रिजल्ट रहा शानदार

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ स्थित टैगोर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसके सभी विद्यार्थी और अध्यापक बधाई के पात्र हैं। टैगोर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पिछले 25 वर्षों से ऐसे ही परीक्षा परिणाम देता आ रहा है। यह बात विद्यालय के प्रबंधकरू राजेश देशवाल ने कहते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उम्मीद जताई की सभी अभिभावक ऐसे ही विद्यालय को अपना सहयोग करते रहेंगे।

## आज होने वाले प्रदर्शन को सफल बनाने की

**पानीपत।** माकपा जिला कमेटी की बैठक कामरेड शिव वर्मा स्मारक भवन गीता कॉलोनी में हुई। बैठक में राजेंद्र, जिला सचिव डॉ. सुरेन्द्र मलिक, राज्य सचिव का. प्रेमचंद ने कहा कि पूंजीवादी व्यवस्था वर्तमान समय में भारी आर्थिक मंदी से गुजर रही है। वहीं 20 मई को होने वाले प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए किसान, मजदूर और कर्मचारियों से अपील करती है। बैठक में राज्य कमेटी सदस्य सुनील दत्त, जिला कमेटी सदस्य राजपाल, ब्रांच सचिव रोहतास, प्रेमचंद, कंवर सिंह छोक्कर, सीताराम व प्रीतम रावल आदि उपस्थित रहे।

### आईसीएआई की शाखा में आयकर एवं जीएसटी पर सेमिनार का आयोजन

# ज्ञान व सकारात्मक ऊर्जा का स्रौत है भारतीय संस्कृतिः सोनू

**मुख्य वक्ता सीए संगम अग्रवाल गैर-कार्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण प्रारूप पर विस्तृत जानकारी प्रदान की**



पानीपत। आईसीएआई में दीप जला कर सेमिनार का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा अध्यक्ष सीए सोनू गोयल की अध्यक्षता में सेमिनार हुआ। सेमिनार में आयकर एवं जीएसटी के अंतर्गत प्रथम अपील की प्रक्रिया तथा गैर-कार्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण प्रारूप पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो भारतीय संस्कृति में ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। वहीं, मुख्य वक्ता सीए संगम अग्रवाल गैर-कार्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण प्रारूप पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने वित्तीय विवरणों की संरचना, अनुपालन की आवश्यकताओं एवं विभिन्न प्रकार की संस्थाओं के लिए आवश्यक प्रकटीकरण पर चर्चा की। जबकि सीए शौरभ जिंदल ने आयकर एवं जीएसटी के अंतर्गत प्रथम अपील की प्रक्रिया विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने आयकर अधिनियम के अंतर्गत प्रथम अपील दायर करने की प्रक्रिया, समय-सीमा, आवश्यक दस्तावेज, कानूनी प्रावधान और अपील के सफल निष्पादन से संबंधित व्यावहारिक पहलुओं पर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर शाखा सचिव सीए रजनी गोयल, उपाध्यक्ष सीए भूपिंद्र दीक्षित, कोषाध्यक्ष सीए जितेन्द्र बंगा, सीए दीपक गोयल कंवरदीप सिंह, स्वाति मित्तल, मितेश मल्होत्रा, दविंदर कपूर, विमल गोयल, विजय मित्तल, नितीश जैन, कुणाल कथूरिया, दिव्या दहुजा, मोहन सिंगला, चिरंजीव सोढ़ी, हिमांशी, जगदीश लाल, मुकेश मित्तल, वीरेंद्र गोयल, जगदीश धमीजा, जयदीप धनखड़, जतिन सहगल, कृष्ण सेठी आदि उपस्थित रहे।

# नारी साक्षरता शतप्रतिशत होने पर भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः आर्य



पानीपत। राजकीय स्कूल, निजामपुर में मेधावी विद्यार्थी अतिथि सविता आर्य के साथ। फोटो :हरिभूमि

■ हर परिवार को अपनी बेटियों को शिक्षित कर उन्हें विकास के अवसर देने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में नई सांझी सभा, एसएमसी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या रेणुका गुप्ता व एबीआरसी सानुमति ने की। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति का विद्यालय के विकास में अहम योगदान होता है। प्राध्यापक संगीता व कला अध्यापक सुरेंद्र राठी ने बताया कि इस बार विद्यालय प्रबंधन समिति में 18 सदस्य मनोनीत किए गए हैं। जिनमें समिति अध्यक्ष श्याम कुमार, उपाध्यक्ष अमीना, ग्राम पंचायत निजामपुर से जसविंदर पंच, अशोक शर्मा, प्राचार्या रेणुका गुप्ता, एबीआरसी सानुमति, संगीता, सुरेंद्र राठी को शामिल किया गया है। वहीं नव नियुक्त विद्यालय प्रबंधन समिति एवं नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्षता बहन सविता आर्य ने विद्यालय की कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को फूल मालाओं से स्वागत करके मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह व स्टेशनरी का सामान देकर सम्मानित किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि नारी साक्षरता दर शतप्रतिशत होने पर ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। इसके मद्देनजर हर परिवार को अपनी बेटियों को शिक्षित कर उन्हें विकास के अवसर देने चाहिए।

# मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


राजकीय स्कूल गांव बडौली में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए टीचर्स।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य सुशील कुमारी ने की। सम्मान समारोह का आयोजन ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने किया। वहीं, स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा साक्षी, खुशी द्वितीय एवं अंकुश तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को सम्मानित किया गया। सुशील कुमारी ने बताया कि ललित कला अप्राध्यापक प्रदीप मलिक ने अपने निजी कोष से चित्रकला विषय में 100 प्रतिशत अंक लेने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले बच्चों को अपने निजी को से सम्मानित किया। इस अवसर पर टीचर्स उमेद सिंह, मधुबाला, दीपिका धवन, प्रीति दुहन, ममता देवी, रमादेवी, जसवीर सिंह, रविंद्र कुमार, जगबीर सिंह, हीना देवी, मौसम देवी, अंजलि शर्मा, बलविंदर सिंह एवं मनीष कुमार उपस्थित रहे।

# टॉपर सावी को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


सीबीएसई टॉपर सावी जैन को सम्मानित करते सुधीर मुनि, आदि।

उत्तर प्रदेश के शामली की निवासी सावी जैन सुपुत्री अंकित जैन ने कला संकाय की 12वीं कक्षा में सीबीएसई में 500 में से 499 अंक प्राप्त करके टॉप किया है। वहीं, सोमवार को सावी जैन का अग्रवाल मंडी स्थानक में विराजित तपस्वी गुरुदेव श्री सुधीर मुनि, मधुर गायक गुरुदेव श्री नवीन मुनि ठाणे तीन, तथा संघ प्रमुखा साध्वी श्री संयम प्रभा कमल ठाणे सात के दर्शनार्थ व उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए अपनी माता अनीता जैन व भाई आदित्य जैन के साथ पानीपत पधारी। सावी जैन का समाज के अग्रणीय पदाधिकारियों ने उसका स्वागत अभिनंदन करते हुए उसे सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान गौतम जैन, महामंत्री राजेंद्र जैन, जगदीश जैन, अजय जैन, राजेंद्र जैन आदि मौजूद रहे।

# निर्धन लोगों की समस्या का प्राथमिकता से हल हो : बेदी

## मंत्री कृष्ण कुमार ने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


पानीपत जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनसुनवाई करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार ने सोमवार को जिला सचिवालय द्वितीय तल स्थित सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 13 शिकायतों पर अधिकारियों के साथ मिलकर बारी-बारी से सुनवाई की व सात का मौके पर समाधान किया व छह समस्याओं को अगली बैठक के लिए लम्बित रखा गया। वहीं, मंत्री कृष्ण कुमार ने लम्बित शिकायत पर सुनवाई करते हुए टीडीआई को निर्देश दिए कि वे मूलभूत सुविधाएं हुडा सेक्टर 38 और 39 में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। मंत्री ने इसके लिए दोनों पक्षों की बातें सुनीं व इसके बाद निर्णय लिया गया।

इस समस्या को आगामी सुनवाई के लिए लम्बित रखा गया। इधर, बीपीएल धारकों ने मंत्री के समक्ष अपनी वेदना रखते हुए कहा कि गरीब लोग रहते हैं यहां लेकिन सुविधाओं के नाम पर उन्हें खाली आश्वासन मिला है। कई बार हाऊसिंग बोर्ड के पास जा चुके है लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। मंत्री ने अंसल वालों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इस मौके पर शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सलुजा, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, निगमायुक्त डॉ. पंकज यादव, अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, पानीपत एसडीएम ब्रहमप्रकाश, समालखा एसडीएम अमित कुमार, इसराना एसडीएम आशीष वशिष्ठ, सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह, निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# देश हित में है एक राष्ट्र एक चुनाव : ईश राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिये एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी हैं। बार-बार चुनाव होने से देश पर बहुत बड़ा आर्थिक भार पड़ता हैं। ये शब्द एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक ठाकुर ईश कुमार राणा ने किले पर स्थित हाफिजाबाद कला मंच में विश्व हिन्दू परिषद की बैठक तथा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर बाबा साहब अम्बेडकर सम्मान गोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप मे बोलते हुए कहें। विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष सतीश ढींगरा ने अध्यक्षता की। मंच संचालन मंत्री विनोद सैनी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सेवा निवृत ब्रिगेडयर यशपाल सिंह, सचिन राणा, करण सिंह व प्रवीण मदान उपस्थित रहे। ईश कुमार राणा आगे कहा की रोज रोज चुनाव होने से देश रक्षा व सुरक्षा भी खतरे में पडती हैं। बैठक मे मुख्य रूप से सुभाष कबीरपंथी, अनिल खत्री, बबीता राणा, संजय चहल सरपंच बलराज, राजेश बहोत एक्स डीएम, रोहित बड्डुगुर्जर, बिजेंद्र बोहत, दिलबाग, सेठ पाल, महेन्द्र राणा आदि मौजूद रहे।

# आर्य कन्या की छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


■ विद्यालय की 45 मेरिट प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया गया

.आर्य कन्या स्कूल की मेधावी छात्राएं अपनी प्राचार्या स्वीटी छिकारा के साथ।

आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वीर भवन चौक में छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या स्वीटी छिकारा ने की। जबकि अध्यापिका संगीता रानी, पूनम व नीरज ने संबोधित किया। जिसमें विद्यालय की 45 मेरिट प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं में बदरा, जोया और अमृता व भारती ने क्रमश प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा बारहवीं में पूरवा, पूजा, विशाखा ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## श्याम बने एसएमसी के अध्यक्ष

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में नई सांझी सभा, एसएमसी का गठन किया गया। वहीं, समिति अध्यक्ष श्याम कुमार, उपाध्यक्ष अमीना, ग्राम पंचायत निजामपुर से जसविंदर पंच, अशोक, प्राचार्या रेणुका गुप्ता, एबीआरसी सानुमति, संगीता, सुरेंद्र को शामिल किया गया है। नव नियुक्त विद्यालय प्रबंधन समिति एवं नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्य ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

# जनसेवा करना अधिकारियों का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


पानीपत। जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए अधिकारीगण।

जिला सचिवालय में आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि लोग पूरे विश्वास के साथ जनता समाधान शिविर में पहुंचते हैं व अपनी समस्याओं का समाधान तत्काल करवाते हैं। अब ये समाधान शिविर सोमवार व वीरवार को लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि अधिकारियों की कड़ी मेहनत का लाभ आम जन को मिल रहा है व उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान हो रहा है। वहीं, डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया ने कहा कि हम पूरे समय डयूटी करके इतना पुण्य नहीं कमाते जितना मात्र दो घंटे में दूर दराज से आये लोगों की समस्याओं का समाधान करके कमाते हैं। लोगों से मिल रही दुआओं का हमें भी लाभ मिलेगा हमें इसको ध्यान में रख कर लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करना चाहिये। जनसेवा करना अधिकारियों का कर्तव्य है।

**शिविर** अध्यक्षा मीनाक्षी गुप्ता ने भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप पर पुष्प अर्पित किए

# गीता में दर्ज है इंसान की हर समस्या का हलः गुप्ता

■ नवयुग पब्लिक स्कूल में गीता परिवार का संस्कार व व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा


समालखा। नवयुग पब्लिक स्कूल में संस्कार कैंप के शुभारंभ अवसर पर श्लोकाचारण करते हुए अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

गीता परिवार द्वारा नवयुग पब्लिक स्कूल, जाटल रोड में एक साप्ताहिक संस्कार एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ किया गया। इस विशेष आयोजन की शुरुआत गीता परिवार उत्तर भारत की अध्यक्षा मीनाक्षी गुप्ता ने भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप पर पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजेश भारद्वाज द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों को श्रीमद्भगवद्गीता के गूढ़ ज्ञान को सरल भाषा में समझाते हुए जीवन मूल्यों की शिक्षा दी। उन्होंने बताया कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। ममता वर्मा ने बच्चों को प्रतिदिन की नित्य प्रार्थना कराई, जिससे उनमें आत्मिक चेतना और अनुशासन का विकास हो सके। इसके साथ ही प्रदीप सर ने विद्यार्थियों को प्राणायाम एवं योग के विभिन्न अभ्यास कराए, जिससे बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बना रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर नैतिक संस्कार, आत्मबल और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। यह शिविर आने वाले सप्ताह भर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से परिचित कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुकेश देशवाल, ममता वर्मा, किरण मित्तल, डॉ. बलजीत सिंह, वरुण तिवारी, सुशील तथा सुनीता खन्ना जैसे समर्पित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## आग में सामान राख हुआ

**पानीपत।** अंसल सुशांत सिटी स्थित रिवांता ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में चौकीदार रमेश के कमरे में रविवार की रात को उस समय आग लगकर घर का सारा सामान जलकर राख हो गया जब चौकीदार का परिवार बाबा बागेश्वर धाम की कथा सुनने के लिए गया हुआ था। वहीं, आग को फायर ब्रिगेड ने काबू किया। आग में घर में घरेलू सामान के अलावा सभी जरूरी कागजात, राशन कार्ड, प्लाट की रजिस्ट्री, गैस की कॉपी, बैंक की कॉपी, बच्चों के स्कूल के सर्टिफिकेट, कपड़े, अलमारी, एलईडी एवं अन्य सामान पूरी तरह से जल गया।

## जिनवाणी स्कूल का रिजल्ट रहा बेहतर

**पानीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जीटी रोड स्थित जिनवाणी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा का छात्र आयुष विद्यालय में प्रथम, रितिका दूसरे व तमन्ना तीसरे स्थान पर रही। जबकि 10 विद्यार्थियों ने कंप्यूटर विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित किए। स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी व प्रधानाचार्या नीलम गक्खड़ ने सभी को बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दादी पोती की मौत से शोक

**इसराना।** पानीपत के गांव बांध निवासी लक्ष्मी व इनकी तीन साल की पौती वाणिकी की उत्तर प्रदेश के शामली जिला में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई थी। सोमवार को लक्ष्मी व वाणिकी का गांव की शमशान भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं दादी पौती की मौत हो गांव बांध में शोक छाया हुआ है। जबकि हादसे में घायल सिंधराम, रितेश, पुनीत, पिंकी व दाशी घायल हुए थे, इनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# भाजपाई पूरे जोश के साथ यात्रा में हुए शामिल, देशभक्ति गीतों पर जमकर झूमे लोग, कई जगह तिरंगा यात्रा का अभिनंदन, सेना के पराक्रम और जोश को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारायणगढ़

पहलगाम में निहत्थे सेलानियों की निर्मम हत्या का भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब देने पर सेना के साहस, पराक्रम के लिए, सेना का हौसला बढ़ाने के लिए पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी के नेतृत्व में में तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जन ने जोश एवं उत्साह के साथ लिया तिरंगा यात्रा में भाग। तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के साथ भाजपा जिला प्रधान मंदीप राणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व कर्मचंद गोल्डी सैनी भी विशेष रूप से इस यात्रा में शामिल रहे। इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जन ने भी उत्साह और जोश के साथ भाग लिया व राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया।

### तिरंगा देश की एकता और अखंडता का प्रतीक

यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं व आमजन ने तिरंगा लेकर जोश व उत्साह के साथ भारत माता की जय के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। यह तिरंगा यात्रा अनाज मंडी से आरंभ होकर मुख्य बाजार से होती हुई नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से समूचा शहर गूंज उठा और चारों ओर राष्ट्र प्रेम का अद्भुत माहौल देखने को मिला। डॉ. पवन सैनी ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश सेवा के संकल्प के साथ आगे आएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। उन्होने कहा कि सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकी हमलों का करारा जवाब दिया है। इस बार ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को नष्ट कर दिया गया है। हमारी सेना ने पाकिस्तान में स्थित ऐसे स्थलों को नष्ट कर दिया जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती थी और उनके ठिकाने थे।





नारायणगढ़। तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में जिस प्रकार से आंतकवादियों ने धर्म पूछ कर पर्यटकों को मारा था और हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, ऐसे आतंकवादियों को हमारी सेना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशानुसार उनके घर में उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाया है। इसलिए सेना के पराक्रम को सेल्युट करने तथा उनकी हौंसला अफजाई के लिए पूरे देश एवं प्रदेश में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली के मार्ग दर्शन में पहले जिला मुख्यालयों पर और अब प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है, उसी कड़ी में यहां पर भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।

### ऐसे कार्यक्रमों से देश प्रेम की भावना होती है मबजूतः मंदीप राणा

इस अवसर पर भाजपा जिला प्रधान मंदीप राणा ने भी तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए इसे जनभावनाओं से जुड़ा हुआ बताया है। इस आयोजन ने न केवल लोगों में देशप्रेम की भावना को प्रबल किया, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश भी दिया। उन्होने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। पीएम के नेतृत्व में पाकिस्तान परस्त आंतकवादियों को तीनों सेनाओं ने मुहंतोड़ जवाब दिया है। बता दें कि तिरंगा यात्रा ने देश भक्ति की भावना को ओर अधिक प्रबल किया है और लोगों को राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया है। इस अवसर पर मण्डल प्रधान जगदीप कौर, धर्मवीर गुर्जर, विक्रम राणा, हरजिंद्र पाल, युवा जिला प्रधान संदीप अंबली, हनीश सैनी, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा, पूर्व जिला प्रधान राजेश बतौरा, राकेश बिंदल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दसवीं कक्षा का 100 फीसदी रहा परिणाम

**शहजादपुर।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय में इस वर्ष कुल 101 बच्चे दसवीं कक्षा में परीक्षार्थी थे जिसमें सभी बच्चे पास हुए कोई भी बच्चा फेल नहीं हुआ। दसवीं कक्षा की छात्रा अंशिका ने 92 प्रतिशत लेकर अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर अनुराधा 90 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर रजनी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया का शुभारंभ

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ शुरू किया गया है। इस अवसर पर सेंट्रलाइज्ड एडमिशन पोर्टल को शुरू किया गया, जिसके माध्यम से छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने इस अवसर को खास बनाते हुए महाविद्यालय प्रांगण में एक दशहरी आम का पौधा रोपित किया। उन्होंने इसे नवीन शैक्षणिक सत्र की हरियाली और नवचेतना का प्रतीक बताया। डॉ. भारती ने समस्त स्टाफ सदस्यों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित करें।

### दसवीं में निधि ने प्रथम स्थान हासिल किया

**नारायणगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा विगत दिवस घोषित 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरेवाला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार ने बताया कि 10 वीं कक्षा में निधि ने 439 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, मानसी ने 416 अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सचिन ने 412 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 10वीं कक्षा में तीन विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की।

### जानवी 393 अंक लेकर स्कूल में रही प्रथम

**बराड़ा।** राजकीय उच्च विद्यालय शेरपुर सुलखनी ने इस वर्ष भी अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। यह विद्यालय लगातार दूसरे वर्ष शत-प्रतिशत सफलता दर दर्ज कर रहा है, जो शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय की होनहार छात्रा जानवी ने 393 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रुचिका ने 392 अंकों के साथ द्वितीय और गुंजन धीमान ने 388 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कई ट्रेनों को किया रद, कई ट्रेनें चलाई जाएंगी देरी से

# करनाल स्टेशन पर इंटरलॉकिंग की वजह से 32 गाड़ियां प्रभावित

### सात ट्रेनों को बदले मार्ग से, छह को बीच रास्ते रद्द किया



हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

अंबाला-दिल्ली रेल मार्ग पर करनाल रेलवे स्टेशन पर इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 32 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। यह काम 19 से 21 मई तक चलेगा। इस दौरान छह ट्रेनों को पूर्ण तौर पर रद्द किया जाएगा। इसके अलावा सात ट्रेनों को बदले मार्ग से, छह को बीच रास्ते रद्द, आठ को पुनः संचालित और पांच ट्रेनों को 80 से 165 मिनट की देरी से चलाया जाएगा। दिल्ली रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि 21 मई को ट्रेन नंबर 14680 अमृतसर-नई दिल्ली, 14681 नई दिल्ली-जालंधर सिटी, 14679 नई दिल्ली-अमृतसर, 14682 जालंधर सिटी-नई दिल्ली, 64465 नई दिल्ली कुरुक्षेत्र जंक्शन ईएमयू, 64454 कुरुक्षेत्र जंक्शन-दिल्ली रद्द रहेंगी। 21 मई को ट्रेन नंबर 22488 अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत व 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस को अंबाला-सहारनपुर के रास्ते परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। इसी प्रकार 12926 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस को को कुरुक्षेत्र-जींद-पानीपत के रास्ते, 03309 धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल, 22709 नांदेड़-अंब अंदौरा व 20 मई को 12925 मुंबई-अमृतसर ट्रेन को पानीपत-जींद-नरवाना-कुरुक्षेत्र के रास्ते, 12715 नांदेड़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस को 20 मई को हजरत निजामुद्दीन-सहारनपुर-अंबाला के रास्ते चलाया जाएगा।

### देरी से चलने वाली ट्रेनें

ट्रेन नंबर 12046 चंडीगढ़-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस 20 मई को 105 मिनट की देरी से चलेगी। इसी प्रकार 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली 90 मिनट की देरी, 12926 अमृतसर-मुंबई पश्चिम एक्सप्रेस 80 मिनट की देरी, 22430 पठानकोट-दिल्ली 21 मई को 165 मिनट की देरी और ट्रेन नंबर 04652 अमृतसर-जयनगर 21 मई को 105 मिनट देरी से रवाना होगी।

### ये ट्रेनें बीच में रुकेंगी

ट्रेन नंबर 12715 नांदेड़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस 19 मई को आदर्श नगर दिल्ली-घरौंडा के बीच 35 मिनट तक रोककर चलाई जाएगी। इसी प्रकार 14507 दिल्ली जंक्शन-फाजिल्का 20 मई को पानीपत-घरौंडा के बीच 25 मिनट तक, 22430 पठानकोट-दिल्ली 20 मई को मोहड़ी-कुरुक्षेत्र के बीच 30 मिनट तक रोकी जाएगी।

### ये ट्रेनें बीच रास्ते रद

ट्रेन नंबर 64465 नई दिल्ली-कुरुक्षेत्र 20 मई को पानीपत स्टेशन पर रद्द की जाएगी। इसी प्रकार 64454 कुरुक्षेत्र-दिल्ली को पानीपत, 11841 खजुराहो-कुरुक्षेत्र 20 मई को पानीपत, 11842 कुरुक्षेत्र-खजुराहो 21 को पानीपत और ट्रेन नंबर 14508 फाजिल्का-दिल्ली 21 मई को अंबाला कैंट स्टेशन पर रद्द रहेगी।

## कोलंबिया में बंधक बनाए गए पांच पंजाबी युवकों को राज्य सभा सांसद सतनाम संधू के हस्तक्षेप से छुड़ाया





- राज्यसभा सांसद सतनाम संधू द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर से रिहाई के लिए किए गए आग्रह के बाद छुड़ाये गये कोलंबिया में बंधक पांच पंजाबी युवक
- सांसद सतनाम संधू ने विदेश मंत्रालय की मदद से कोलंबिया में बंधक बनाए गए पंजाबी युवकों की रिहाई की सुनिश्चित
- कोलम्बिया में बंधक बनाए गए पंजाबी युवकों ने अपनी रिहाई के लिए सांसद सतनाम संधू का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭चंडीगढ़

पांच पंजाबी युवकों को, जिन्हें 'डंकी के रास्ते' के अमेरिका जाते समय कोलंबिया के कैपुरगाना में कथित रूप से बंदी बना लिया गया था, राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू के हस्तक्षेप से सफलतापूर्वक बचा लिया गया है। पांच पंजाबी युवा जिनकी उम्र बीस वर्ष (एक तीस वर्ष) के आसपास थी, 'अवैध मार्ग' से अमेरिका जाने की कोशिश कर रहे थे, जब कोलंबिया कैपुरगाना शहर में एक स्थानीय गिरोह ने उन्हें पकड़ लिया और उन्हें रिहा करने के लिए उनके माता-पिता से फिरौती की मांग की। एक परिचित के माध्यम से घटना की जानकारी मिलने के बाद मामले का संज्ञान लेते हुए राज्य सभा सांसद सतनाम संधू ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने और कोलंबिया के कैपुरगाना में फंसे युवकों को बचाने और सुरक्षित वापसी की अपील की। संधू ने कोलंबिया में भारतीय दूतावास के अधिकारियों से भी संपर्क किया। युवकों की पहचान अमृतसर के लवदीप सिंह, जालंधर के गुरप्रीत सिंह, अमृतसर के करणदीप सिंह, जालंधर के गुरनाम सिंह और अमृतसर के रमनदीप सिंह के रूप में हुई है। ये पांच पंजाबी युवक करीब चार महीने पहले अपने पैतृक स्थानों निकले थे। बचाए जाने के बाद इन पांचों युवकों ने एक वीडियो क्लिप में सांसद सतनाम सिंह संधू को उनकी रिहाई के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि 'हम सुरक्षित हैं, हमें हमारे पासपोर्ट मिल गए है।

### विदेश मंत्रालय को लिखा था पत्र

विदेश मंत्रालय को लिखे अपने पत्र में संधू ने कहा था कि इन युवाओं के परिवार गहरे दुख में हैं और उनकी सुरक्षा के बारे में बेहद चिंतित है। उन्होंने मामले की संवेदनशीलता और अंतर्राष्ट्रीय तस्करी नेटवर्कके शामिल होने के कारण विदेश मंत्रालय से कोलंबिया में भारतीय मिशन के साथ तालमेल करके तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह करता किया था। संधू ने इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और इन युवाओं का जल्द से जल्द पता लगाने, सहायता करने और उन्हें बचाने के लिए आवश्यक उपाय शुरू करने का आग्रह किया था।

### स्थायी और मजबूत तंत्र की जरूरत

सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा, श्यह एक गंभीर चिंता का विषय है, जिसे सरकार को सर्वोच्च प्राथमिकता की आवश्यकता है। सरकार को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर दंड सुनिश्चित करके एक स्थायी और मजबूत तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है। आज अपराधी ऐसे अपराध करने से डरते नहीं हैं, क्योंकि उनके खिलाफ पर्याप्त रोकथाम नहीं है और परिणामस्वरूप भोले-भाले लोग जो बेहतर रोजगार या बेहतर जीवन की तलाश में विदेश जाने की कोशिश करते हैं, अक्सर उनके शिकार बन जाते हैं।

## कुणाल ने जीता गोल्ड मेडल

- ताइक्वांडो चैंपियनशिप - 2025 में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭नारायणगढ़

ताइक्वांडो में माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय काठेमाजरा के कक्षा 6 के छात्र, कुणाल ने 28 वें अंबाला जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप - 2025 में स्वर्ण पदक हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया। यह आयोजन हरियाणा राज्य ताइक्वांडो एसोसिएशन, ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन की संबद्धता के तहत किया गया था।

कुणाल ने 29 किलोग्राम श्रेणी के तहत उप-जूनियर में जीत हासिल की और अब उसे राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में अंबाला का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। यह स्कूल के लिए बहुत गर्व की बात है। प्रधानाचार्या ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल और अतिरिक्त उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्रधानाचार्य द्वारा खेलों की महत्ता बताते हुए छात्रों को उनमें अधिकाधिक हिस्सा लेने के लिए कहा गया।




नारायणगढ़। स्वर्ण पदक विजेता कुणाल। फोटोः हरिभूमि

## शिविर में 62 रोगियों की आंखें जांची

- श्री सनातन धर्म महावीर दल ने करवाया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारायणगढ़

श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच व महिला रोग जांच शिविर में 62 रोगियों ने अपने नेत्रों व अन्य बीमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अंबाला शहर से आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बीमारियों की जांच की व उन्हें निरूशुल्क दवाईयां भी वितरित की तथा उन्हें चश्में के नंबर भी दिए गए। उन्होंने बताया कि हर महीने के तीसरे रविवार को संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी सैनी एमबीबीएस एमएस डीएनबी प्रसूति एवं महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर में आई महिला रोगियों की जांच कर उन्हे मुफ्त दवाईयां दी गई। उन्होंने बताया कि महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रजनी सैनी द्वारा बजरंग भवन में शिविर लगाकर महिला रोगियों की जांच कर उन्हे दवाईयां मुफ्त दी जाएंगी। शिविर में मौजूद पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने कहा कि श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा लोगों की भलाई के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन्हे लाभ पहुंचाया जा रहा है जोकि एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रजनी सैनी व आई अस्पताल से डॉ. कपिल वोहरा व उनकी टीम द्वारा संस्था के सहयोग से शिविर लगाकर जो स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा रहा है।



नारायणगढ़। महिला रोगी की जांच करती डॉ. रजनी सैनी। फोटोः हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महावीर दल के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, पूर्व प्रधान जगदीश चंद वर्मा,संरक्षक विजय कंसल, उप प्रधान विनोद वर्मा,आदर्श गुप्ता, रामेश्वर शर्मा,नरेश कुमार, राजपाल धीमान, कुलबीर कपूर, कैम्प ईंचार्ज सतीश अग्रवाल व मा.सोमनाथ शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### शिशु भारती विद्यालय का महत्वपूर्ण अंग हैः वधवा

**कुरुक्षेत्र।** वंदना सभा में शिशु भारती के पदाधिकारियों को शपथ दिलवाते हुए कुरुक्षेत्र के मोहन नगर में स्थित गीता निकेतन विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य यशपाल वधवा ने कहा कि शिशु भारती विद्यालय के छात्रों का एक मंच है जहां छात्र संसद बैठकर परस्पर विद्यालय से संबंधित विषयों पर चर्चा ,तर्क एवं निर्णय करती हैं।

### पीएम श्री स्कूल की लड़कियों ने मारी बाजी

**बराड़ा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 98.85% रहा। दसवीं की छात्रा वंशिका ने 440 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सलोनी ने 410 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा मिंकल ने 407 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय की 10वीं कक्षा की छह छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, वहीं 39 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ शानदार कार्यक्रम

# सांस्कृतिक गतिविधियों से छात्रों ने मचाई धूम

- कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭मुलाना

आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति और आध्यात्मिक रंगों से सजे कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा (यूएसए.) से पधारे विवेक अग्रवाल अपनी धर्मपत्नी सोमिता अग्रवाल के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान प्रबंधक समिति के माननीय अध्यक्ष इंद्र राज , प्रेजिडेंट सतीश कुमार नरूला , प्रबंधक अरुण कुमार वालिया , नवीन मित्तल , अनीता सैनी , सुरेंद्र सैनी तथा पीटीए सदस्य रजनी बाला सहित समिति के अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। देशभक्ति गीतों, नृत्यों और आध्यात्मिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि विवेक अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी को विद्यालय प्रबंधन की ओर से शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की अकादमिक उपलब्धियों को भी इस कार्यक्रम में विशेष स्थान मिला। कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।



मुलाना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य जन। फोटोः हरिभूमि

### प्रधानाचार्य ने दी शुभकामनाएं

प्रधानाचार्य अशोक कुमार पुंडीर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, प्रबंधक समिति के सदस्यों, शिक्षकगणों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।